शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें


# राज्य शिक्षा केन्द्र

**पुस्तक भवन, बी–विंग, अरेरा हिल्स, भोपाल—462 011**

**दूरभाष : (0755) 2768390, 91, 92, 94, 95 फैक्स : 2552363, 2760561**


---

क्र. / रा.शि.के. / मूल्यांकन / प्रतिभा पर्व / 2021–22 / 7090 भोपाल, दिनांक : 24 / 12 / 21

प्रति,

कलेक्टर,
समस्त जिले (म.प्र.)

**विषय– प्रतिभा पर्व मूल्यांकन वर्ष 2021–22 हेतु विस्तृत निर्देश।**

**संदर्भः–** 1. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र. 1620, भोपाल दिनांक 14.09.2021
2. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र. 5090, भोपाल दिनांक 16.09.2021
3. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र. 5353, भोपाल दिनांक 29.09.2021
4. राज्य शिक्षा केन्द्र का पत्र क्र. 2114, भोपाल दिनांक 16.11.2021
5. राशिके का पत्र क्र. 332, भोपाल दिनांक 20.01.2021 (प्रोजेक्ट आधारित मूल्यांकन कक्षा 1 व 2)
6. राशिके का पत्र क्र. 4248, भोपाल दि. 11.08.2021 (प्रयास वर्कबुक की वर्कशीट / प्रोजेक्ट कार्य के साप्ताहिक मूल्यांकन संबंधी)

संदर्भित पत्र क्र. 1 एवं 2 द्वारा प्रदेश की समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 1 से 8 में सितंबर से अक्टूबर माह तक 'प्रयास' अभ्यास पुस्तिका, दक्षता उन्नयन पुस्तिका से तथा नवंबर से दिसम्बर माह में N-1 ब्रिज कोर्स संचालित करने तथा जनवरी माह से सत्रांत तक पाठ्यपुस्तक पर आधारित (कक्षा स्तर के 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम पर केन्द्रित) पठन पाठन हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

कोविड लॉकडाउन के कारण लंबे समय तक स्कूल बंद रहने के कारण विद्यार्थियों को हुए लर्निंग लॉस के दृष्टिगत उपरोक्त संदर्भित पत्र क्र. 3 द्वारा सभी शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की कक्षा 1 से 8 में पाठ्यक्रम को पुनर्वियोजित करते हुए 60 प्रतिशत पाठ्यक्रम फेस टू फेस मोड में तथा 40 प्रतिशत पाठ्यक्रम होम असाइनमेंट / प्रोजेक्ट वर्क के रूप में पढ़ाने हेतु निर्देश दिए गए हैं।

उपरोक्तानुसार पठन–पाठन की श्रृंखला में वर्तमान अकादमिक सत्र हेतु प्रतिभा पर्व (अर्द्धवार्षिक) मूल्यांकन का स्वरूप तय किया गया है। प्रतिभा पर्व मूल्यांकन में यह प्रयास किया गया है कि बच्चों का अधिगम जीवन की वास्तिविक परिस्थितियों को अनुभव करते हुए हो अर्थात् बच्चे रटंत अधिगम के स्थान पर सीखे गए ज्ञान का प्रयोग वास्तविक जीवन की दशाओं में कर सकें अतएव ज्ञान के बजाए समझ / अनुप्रयोग तथा क्षमताओं का आकलन किए जाने पर जोर दिया गया है।

अतः प्रश्नों का स्वरूप राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं के अनुरूप समझ, अनुप्रयोग, समस्या समाधान तथा विश्लेषण आधारित दक्षता जैसे कौशलों पर केन्द्रित किया गया है। प्रतिभा पर्व अंतर्गत इस प्रकार के मूल्यांकन से सीखने–सिखाने की प्रक्रिया व सतत मूल्यांकन की प्रक्रियाओं को गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सकेगा।

अकादमिक सत्र 2021–22 हेतु प्रतिभा पर्व संबंधी विस्तृत निर्देश निम्नानुसार हैं–

1. **प्रतिभा पर्व आयोजन की तिथि व अवधि–** परिशिष्ट–1 पर संलग्न समय–सारिणी (Time Table) अनुसार प्रदेश की समस्त शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में अध्ययनरत सभी बच्चों का प्रतिभा पर्व मूल्यांकन 17 जनवरी से 24 जनवरी 2022 की अवधि में किया जाएगा। एक दिवस में एक ही विषय का मूल्यांकन होगा।

2. **प्रतिभा पर्व गतिविधि कैलेण्डर–** प्रतिभा पर्व 2021–22 संबंधी समस्त गतिविधियों का क्रियान्वयन पत्र के साथ संलग्न गतिविधि कैलेण्डर परिशिष्ट–2 अनुसार सुनिश्चित किया जाए।

3. **कक्षा–1 व 2 में मूल्यांकन का स्वरूप–** कक्षा 1 व 2 के लिए मूल्यांकन पृथक से नहीं लिया जाएगा। कक्षा–1, 2 के बच्चों का मूल्यांकन शालाओं को उपलब्ध कराई गई "प्रयास वर्कबुक" के द्वारा तथा "अभ्यास पुस्तिका" के अंत में संलग्न आकलन वर्कशीट (विषय–हिन्दी, अंग्रेजी, गणित) के आधार पर किया जाएगा। कक्षा–1, 2 हेतु मराठी विशिष्ट व उर्दू विशिष्ट विषय की आकलन वर्कशीट राज्य स्तर से जिलों को उपलब्ध कराई जाएगी। मराठी व उर्दू (कक्षा 1, 2) हेतु एकीकृत वर्कशीट होगी अर्थात् कक्षा 1 व 2 के लिए पृथक–पृथक वर्कशीट नहीं होगी।

4. **कक्षा 1, 2 हेतु "अभ्यास पुस्तिका" (वर्कबुक) तथा "प्रयास" (वर्कबुक) में दी गई मूल्यांकन वर्कशीट पर कार्य की प्रक्रिया–**
   - **वर्कबुक में दी गई वर्कशीट्स पर कार्य–** सर्वप्रथम वर्कबुक में दी गई विषय–हिन्दी, गणित, अंगेजी की अभ्यास वर्कशीट्स व इसके बाद मूल्यांकन वर्कशीट्स पर कार्य कराया जाए। कक्षा 1, 2 के मूल्यांकन हेतु "प्रयास" वर्कबुक की प्रारंभिक 5 वर्कशीट्स तथा "अभ्यास पुस्तिका" की प्रारंभिक 5 वर्कशीट का उपयोग किया जाए। दोनों वर्कबुक (प्रयास और अभ्यास पुस्तिका) की वर्कशीट्स को 25–25 अंक का अधिभार दिया जाए। कक्षा 1 व 2 में प्रत्येक विषय का पूर्णांक 50–50 अंक का होगा। वर्कशीट्स पर कार्य कक्षा शिक्षण के दौरान ही कराया जाए। "प्रयास" वर्कबुक अंतर्गत दी गई अभ्यास वर्कशीट व मूल्यांकन वर्कशीट पर कार्य संदर्भित पत्र क्र. 6 अनुसार कराया जाए।
   - **मूल्यांकन वर्कशीट की जांच करना–** प्रतिभा पर्व हेतु चयनित विषयवार वर्कशीट पर कार्य दिनांक 29.01.2022 तक पूर्ण कराया जाए। प्रतिभा पर्व हेतु चयनित वर्कशीट्स पर कार्य पूर्ण होने के बाद वर्कबुक को शाला में जमा करा लिया जाएगा। उसके बाद प्रतिभा पर्व हेतु चयनित वर्कशीट की जांच की जाए और पूर्णांक में से विषयवार प्राप्तांक मूल्यांकन अभिलेख में अंकित किए जाए। चयनित वर्कशीट्स में अंक विभाजन करके प्राप्तांक दिए जाएं। वर्कशीट पर कार्य पूर्ण करने के उपरांत इन्हें शाला में अभिलेख के रूप में रखा जाए, किसी भी दशा में वर्कबुक में से वर्कशीट को फाड़कर अलग न किया जाए।

5. **कक्षा–3 से 8 में मूल्यांकन वर्कशीट का स्वरूप–**
   - कक्षा 3 से 8 में प्रत्येक विषय हेतु पूर्णांक 50 निर्धारित रहेगा।
   - वर्कशीट में 60 प्रतिशत लिखित एवं 40 प्रतिशत प्रोजेक्ट कार्य हेतु अधिभार निर्धारित रहेगा।
   - वर्कशीट के दो भाग हैं– खण्ड 'अ' व खण्ड 'ब'। विषय के **कौशल आधारित प्रश्न खण्ड–'अ' में** एवं **प्रोजेक्ट वर्क के प्रश्न खण्ड–'ब'** शामिल रहेंगे। एक कक्षा के सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य एक ही बुकलेट में होंगे।
   - **खण्ड–अ में 16 प्रश्न लिखित कार्य हेतु होंगे** एवं **खण्ड–ब में 2–2 प्रश्न प्रोजेक्ट कार्य हेतु** होंगे।
   - खण्ड 'अ' अन्तर्गत पूछे गए प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय–सारणी (Time Table) अनुसार बच्चे द्वारा कक्षा में लिखे जाएंगे।



निदेशक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र

- खण्ड 'ब' अंतर्गत प्रोजेक्ट वर्क से संबंधित प्रश्न बच्चे घर पर रहकर हल करेंगे व निर्धारित समय–सीमा में शाला में जमा करेंगे।
- वर्कशीट में ही प्रश्नों के उत्तर व प्रोजेक्ट वर्क लिखने हेतु स्थान दिया रहेगा अर्थात् वर्कशीट का स्वरूप प्रश्नपत्र सह उत्तरपुस्तिका के रूप में होगा।
- प्रोजेक्ट वर्क अंतर्गत इस प्रकार के प्रश्न रखे गए हैं, जिसमें बच्चे जानकारी/अवलोकन के आधार पर पता लगाएंगे, विश्लेषण करेंगे, निष्कर्ष निकालेंगे और अपनी टिप्पणी लिखेंगे। **प्रोजेक्ट वर्क से आशय यह नहीं कि बच्चे से कोई मॉडल बनवाया जाए। ये प्रोजेक्ट ऐसे होंगे, जो कि पूर्णतः घर में उपलब्ध रोजमर्रा की सामग्री के आधार पर या घर के सदस्यों से जानकारी एकत्र कर पूर्ण किए जा सकेंगे।**

6. वर्कशीट का स्वरूप–

**प्रतिभा पर्व पूर्णांक–50**

| खण्ड | प्रश्नों का विवरण व अंक विभाजन | कुल अंक | अधिभार |
|---|---|---|---|
| खण्ड–अ | • विषय के कौशल/लर्निंग आउटकम्स आधारित प्रश्न<br>• बहुविकल्पीय– (8 प्र.×1 अंक = 8 अंक)<br>• लघुत्तरीय– (5 प्र.×2 अंक = 10 अंक)<br>• दीर्घउत्तरीय– (3 प्र.× 4 अंक = 12 अंक)<br>**कुल प्रश्न संख्या–16** | 30 | लिखित<br>60 प्रतिशत |
| खण्ड–ब | • होम बेस्ड प्रोजेक्ट वर्क आधारित प्रश्न<br>(2 प्र.×10 अंक = 20 अंक)<br>**कुल प्रश्न संख्या–2** | 20 | प्रोजेक्ट कार्य<br>40 प्रतिशत |
| **प्रतिभा पर्व–कुल प्रश्न संख्या–18** | | 50 | |

**नोट**– खण्ड 'अ' में सभी विषयों की वर्कशीट पृथक–पृथक होगी तथा खण्ड 'ब' में सभी विषयों के प्रोजेक्ट वर्क आधारित प्रश्नों की एकीकृत बुकलेट होगी जो बच्चे को घर से पूर्ण हल करके लाने दी जाएगी।

**विशेष**– वर्कशीट अंतर्गत कौशल व कठिनाई स्तर हेतु अधिभार :

| Knowledge/Remembering 10% | Understanding 50% | Applying 30% | High Order Thinking Questions-10% |
|---|---|---|---|
| Easy-30% | Average-50% | Difficult-20% | |

7. **पाठ्यक्रम सीमा**– प्रतिभा पर्व मूल्यांकन हेतु N-1 पाठ्यक्रम (लर्निंग आउटकम्स आधारित लर्निंग गैप सामग्री/वर्कबुक) को आधार बनाया जाएगा। विदित हो कि उक्त सामग्री अध्ययन–अध्यापन हेतु प्रत्येक शाला को राज्य स्तर से उपलब्ध कराई जा चुकी है।

8. **वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का मुद्रण**– शासकीय शालाओं हेतु वर्कशीट का मुद्रण–वितरण शालावार–विषयवार वास्तविक दर्ज संख्या के मान से जिला परियोजना समन्वयक द्वारा संदर्भित पत्र क्र. – 3 अनुसार भण्डार क्रय नियमों का पालन करते हुए समय–सीमा में कराया जाए। मूल्यांकन संबंधी सामग्री मुद्रण, वितरण व गणना का आधार निम्नानुसार रहेगा–



निदेशक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र

| क्र. | सामग्री का विवरण | गणना का आधार |
|---|---|---|
| 1. | कक्षावार–विषयवार वर्कशीट पृथक–पृथक (खण्ड 'अ') एवं कक्षावार वर्कशीट (खण्ड 'ब') मुख्यविषय हिन्दी माध्यम (कक्षा–3 से 8) | वास्तविक दर्ज संख्या (प्रति विद्यार्थी एक–एक प्रति) |
| 2. | *अल्पभाषा / अल्पविषय (मराठी, उर्दू, अंग्रेजी माध्यम) वर्कशीट कक्षावार–विषयवार वर्कशीट पृथक–पृथक (खण्ड 'अ') एवं कक्षावार वर्कशीट (खण्ड 'ब') कक्षा–1 से 8 | जिले की शालाओं में कक्षावार *अल्पभाषा–अल्पविषय के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या के मान से आवश्यकतानुसार मुद्रित किए जाएं। |
| 3. | प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय की पृथक–पृथक वर्कशीट्स एक–एक प्रति में एवं खण्ड–ब की एक बुकलेट प्रति शाला 1 प्रति में अतिरिक्त रूप से प्रत्येक शाला के प्रधानाध्यापक हेतु मुद्रित होगी। | |
| 4. | शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र–1 | प्रति कक्षा एक प्रति |
| 5. | शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र–2 | प्रति शाला दो प्रति |

विशेष नोट– *जिनकी सॉफ्टकापी राज्य स्तर से प्रदाय की गई है, उनका मुद्रण कराया जाए।
*वर्कशीट खण्ड 'अ' कक्षावार–विषयवार परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार पृथक–पृथक मुद्रित होंगी।

9. **प्रतिभा पर्व हेतु वर्कशीट की विभिन्न स्तर पर उपलब्धता –**
   - **राज्य स्तर से जिले को मुद्रण हेतु वर्कशीट सॉफ्टकापी की उपलब्धता–** प्रतिभा पर्व मूल्यांकन हेतु प्रयोग में लाई जाने वाली वर्कशीट की साफ्टकॉपी (पीडीएफ फाइल में) दिसम्बर माह के अंत तक तक उपलब्ध कराई जाएगी। वर्कशीट मुद्रण हेतु वर्कशीट की सॉफ्टकापी परिशिष्ट–3 पर संलग्न सूची अनुसार राज्य स्तर से जिलों को डीपीसी कार्यालय के प्रोग्रामर के ईमेल पर उपलब्ध कराई जाएगी।
   - **जिले स्तर से मुद्रित वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का शालाओं को वितरण–** जिले स्तर से शालाओं को वास्तविक दर्ज संख्या के मान से मुद्रित वर्कशीट के कक्षावार–विषयवार पैकेट एवं अन्य मूल्यांकन सामग्री बीआरसी, जनशिक्षक के माध्यम से शालाओं को **15 जनवरी, 2021 के पूर्व** अनिवार्यतः उपलब्ध कराई जाए। शालाओं तक समस्त सामग्री सुरक्षित रूप से गोपनीयता के साथ समय–सीमा में पहुंचाने का दायित्व जिला परियोजना समन्वयक व बी.आर.सी. का रहेगा।

10. **वर्कशीट खण्ड अ एवं खण्ड ब (प्रोजेक्ट कार्य) को बच्चे द्वारा पूर्ण करने की प्रक्रिया–** वर्कशीट के खण्ड–अ के प्रश्नों को बच्चों द्वारा शाला में ही हल कराया जाएगा तथा खण्ड ब प्रोजेक्ट कार्य घर पर पूरा किया जाएगा। प्रोजेक्ट कार्य हेतु बुकलेट बच्चे को देते समय प्रत्येक विषय की वर्कशीट को पूर्ण करने की प्रक्रिया कक्षाशिक्षक / विषयशिक्षक द्वारा बच्चे को विस्तार पूर्वक स्पष्ट रूप से समझाई जाए। सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य की बुकलेट घर पर रहकर हल करने हेतु बच्चे को प्रतिभा पर्व मूल्यांकन के एक दिवस पूर्व अर्थात 15.01.2022 (दिन शनिवार) को प्रदाय की जाए। वर्कशीट को घर पर रहकर पूर्ण करने हेतु बच्चे को लगभग 07 से 10 दिवस का समय दिया जाएगा। वर्कशीट को बच्चे द्वारा घर पर रहकर अपनी पाठ्यपुस्तक, बड़े भाई–बहिन की मदद लेकर, अपने माता–पिता, दादा–दादी या आसपास उपलब्ध अन्य बुजुर्गों से आवश्यकतानुसार चर्चा कर पूर्ण किया जा सकेगा। प्रोजेक्ट कार्य बच्चे द्वारा पूर्ण कर कक्षा शिक्षक के पास जमा की जाएगी। शिक्षक द्वारा उसकी जांच की जाएगी तथा प्राप्तांक भरे जाएंगे।

11. **वर्कशीट की जांच व शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र भरना–** शाला में अतिरिक्त रूप से प्रदान की गई वर्कशीट्स तथा बुकलेट (पिन निकालकर विषयवार बुकलेट्स को अलग–अलग करके) शाला प्रधानाध्यापक द्वारा संबंधित विषय शिक्षकों को उनके विषय की वर्कशीट उपलब्ध कराई जाए। शिक्षकों द्वारा वर्कशीट के आधार पर आदर्श उत्तर तैयार किया जाए। शिक्षकों द्वारा आदर्श उत्तर के रूप में हल की गई बुकलेट / वर्कशीट को शाला प्रधानाध्यापक द्वारा एक गार्ड फाईल में मूल्यांकन अभिलेख के रूप में शाला में ही सुरक्षित रखा जाए। मॉनीटरिंग के समय चाहे जाने पर उसका अवलोकन कराया जाए।



निदेशक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र

प्रत्येक कक्षा व विषय की वर्कशीट की जांच लिखित मूल्यांकन के उपरांत शिक्षकों द्वारा की जाएगी। बच्चे द्वारा खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब' दोनो में पृथक्–पृथक् 33% अंक लाना अनिवार्य होगा। शिक्षक द्वारा खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब' के प्राप्तांकों का योग वर्कशीट के कवर पृष्ठ पर निर्धारित स्थान पर अंकित किया जाएगा। दोनों खण्डों के प्राप्तांकों के योग के आधार पर ग्रेड अंकित किए जाएं। तदुपरांत अन्य प्रपत्रों/अभिलेखों में बच्चे के अंक/ग्रेड अंकित किए जाएं।

शिक्षकों द्वारा वर्कशीट की जांच अनिवार्य रूप से दिनांक 25.1.2022 तक पूर्ण कर ली जाए। तत्पश्चात कक्षाशिक्षक/विषयशिक्षक द्वारा दिनांक 28.01.2022 तक अनिवार्यतः शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्रों में समस्त प्रविष्टियां की जाएं।

12. **प्रतिभा पर्व परिणामों की डाटा एण्ट्री कराना–** शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक द्वारा अपनी शाला/कक्षा के प्रतिभा पर्व परिणाम एजुकेशन पोर्टल पर उपलब्ध प्रतिभा पर्व माड्यूल पर एम.शिक्षा मित्र एप के माध्यम से दिनांक 8 फरवरी 2022 तक पूर्ण की जाए। **डाटा एण्ट्री कार्य में लापरवाही या विलंब किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।**

13. समस्त कक्षाओं के मराठी, सिंधी, बंगाली आदि अल्पभाषा के विषय के प्रश्नपत्र तथा जिनका मूल्यांकन प्रतिभा पर्व में नहीं किया जा रहा है शाला स्तर से तैयार कर इनका मूल्यांकन कार्य प्रतिभा पर्व की निर्धारित मूल्यांकन तिथि के पूर्व ही पूर्ण कराने हेतु सर्वसंबंधितों को निर्देशित किया जाए।

14. **बजट प्रावधान–** प्रतिभा पर्व हेतु समग्र शिक्षा अभियान अन्तर्गत स्वीकृत **प्रोजेक्ट इनोवेशन मद** के प्रतिभा पर्व मद से राशि जिला परियोजना समन्वयक (डी.पी.सी.) को जारी की जावेगी। उक्त राशि राज्य स्तर से शीघ्र ही जारी की जाएगी।

15. **प्रतिभा पर्व के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु निम्नांकित तरीके अपनाए जाएं–**
   - शाला प्रबंधन समिति व शिक्षकों के साथ ग्राम पंचायत/नगरीय निकाय का सहयोग लिया जाए। इसके लिए जिला पंचायत सीईओ स्तर से सभी अधीनस्थ पंचायत कर्मियों यथा–पंचायत सचिव, ग्राम प्रभारी तथा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, साक्षरता प्रेरक, आशा कार्यकर्ता आदि को आदेश प्रसारित कराया जाए।
   - शाला प्रबंधन समिति सदस्यों, सरपंच/पंच/पार्षद को पत्र लिखकर यह अनुरोध किया जाए कि वे–
     - प्रतिभा पर्व से एक सप्ताह पहले ग्राम/वार्ड में चौपाल लगाकर व कोतवाल से डोंडी पिटवाकर माता–पिता/अभिभावकों से समस्त छात्र–छात्राओं को प्रतिभा पर्व के दिन शाला में उपस्थित रहने को कहा जाए।
     - प्रतिभा पर्व के दिन शाला प्रबंधन समिति सदस्य, सरपंच–पंच/जनप्रतिनिधि भी शाला का अवलोकन करें।

16. **कोविड संक्रमण सुरक्षा मापदण्डों का पालन–** उक्त मूल्यांकन प्रक्रियाओं को करते समय कोविड–19 संक्रमण से बचाव के नियत सुरक्षा मापदण्डों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

निरंतर ........

नियंत्रक [illegible]
राज्य शिक्षा केन्द्र

- उक्त संबंध में प्रेस रिलीज़ जारी करते हुए **संलग्न गतिविधि कैलेण्डर** अनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। प्रतिभा पर्व, अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन के रूप में होगा। इसकी सूचना सर्वसंबंधितों को दी जाए।
- प्रतिभा पर्व के दौरान किसी भी शिक्षक का अवकाश मान्य नहीं किया जाए शिक्षकों के किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा।

उपरोक्तानुसार बच्चों की तैयारियां कराई जाएं। जिला परियोजना समन्वयक प्रतिभा पर्व के बारे में समस्त शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

संलग्न– उपर्युक्तानुसार।

(धनराजू एस.) 24/12/2021
**संचालक**
**राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल**

पृ. क्र./रा.शि.के./मूल्यांकन/प्रतिभा पर्व/2021–22/7090A भोपाल, दिनांक : 24/12/21

प्रतिलिपि :–

1. निज सचिव, माननीय मंत्री, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, वल्लभ भवन, भोपाल।
3. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति कल्याण, भोपाल मध्यप्रदेश।
4. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल मध्यप्रदेश।
5. आयुक्त, आदिवासी विकास, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
6. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश।
8. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, समस्त जिले मध्यप्रदेश।
9. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
10. प्राचार्य आई.ए.एस.ई. व सी.टी.ई. समस्त मध्यप्रदेश।
11. जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, समस्त म.प्र.।
12. प्राचार्य, डाइट, समस्त म.प्र.।
13. जिला परियोजना समन्वयक, समस्त म.प्र.।
14. म.प्र. एजुकेशन पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।

**संचालक** 24/12/2021
**राज्य शिक्षा केन्द्र,भोपाल**

परिशिष्ट–1

# राज्य शिक्षा केन्द्र, मध्यप्रदेश, भोपाल
## प्रतिभा पर्व मूल्यांकन कार्यक्रम (TIME TABLE) वर्ष 2021–22

**कक्षा 3 से 5** — समयः सुबह 12:00 से 2:30 बजे तक

| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 17.01.2022 | 18.01.2022 | 19.01.2022 | 20.01.2022 | 21.01.2022 | 22.01.2022 | 24.01.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन → | शनिवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | सोमवार |
| 3 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | गणित | पर्यावरण अध्ययन | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |
| 4 | | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | पर्यावरण अध्ययन | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |
| 5 | | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | गणित | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | पर्यावरण अध्ययन | अतिरिक्त विषय– सामान्य उर्दू आदि | – |

**कक्षा 6 से 8** — समयः सुबह 9:00 से 11:30 बजे तक

| कक्षा ↓ | 15.01.2022 | 17.01.2022 | 18.01.2022 | 19.01.2022 | 20.01.2022 | 21.01.2022 | 22.01.2022 | 24.01.2022 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन → | शनिवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार | सोमवार |
| 6 | *प्रोजेक्ट कार्य हेतु सभी विषयों की बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व पूर्ण करने संबंधी आवश्यक निर्देश प्रदाय करना | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | सामाजिक विज्ञान | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | विज्ञान |
| 7 | | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | विज्ञान | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | गणित | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) | सामाजिक विज्ञान |
| 8 | | प्रथम भाषा– विशिष्ट हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू / मराठी | गणित | सामाजिक विज्ञान | तृतीय भाषा– सामान्य संस्कृत / उर्दू / मराठी | विज्ञान | द्वितीय भाषा– सामान्य अंग्रेजी / अन्य | सामान्य हिन्दी (अंग्रेजी / उर्दू / मराठी आदि माध्यम के परीक्षार्थियों हेतु) |

नोट– निःशक्त विद्यार्थियों को मूल्यांकन निर्देशानुसार अतिरिक्त समय / लेखक अनिवार्यतः प्रदान किया जाए।

* सभी विषयों में वर्कशीट के खण्ड ब अंतर्गत दिए प्रोजेक्ट कार्य के प्रश्नों को बच्चे द्वारा घर पर रहकर हल करना है। प्रत्येक कक्षा के सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य की एकीकृत बुकलेट है।

नियंत्रक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल

परिशिष्ट–2

# प्रतिभा पर्व (अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन) वर्ष 2021–22
## गतिविधि कैलेण्डर

| क्र. | गतिविधि विवरण | समय–सीमा / अवधि | जिम्मेदारी |
|---|---|---|---|
| 1. | मूल्यांकन सामग्री मुद्रण संबंधी औपचारिकताएं निविदा आदि पूर्ण करने हेतु जिलों को आवश्यक तैयारी / निविदा आदि कार्रवाही हेतु निर्देश जारी करना। | 29.09.2021 | राज्य शिक्षा केन्द्र (पूर्व संदर्भित पत्र द्वारा निर्देश जारी) |
| 2. | शासकीय शालाओं हेतु अर्द्धवार्षिक मूल्यांकन (प्रतिभा पर्व) मूल्यांकन हेतु निर्देश जारी करना। | 24.12.2021 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 3. | मुख्य विषय की वर्कशीट (कक्षा 3 से 8) की सॉफ्टकापी जिलों को प्रेषित करना। | 31.12.2021 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 4. | वर्कशीट (कक्षा–1 से 8) अल्पभाषा / अल्पविषय उर्दू, मराठी, अंग्रेजी माध्यम की वर्कशीट की सॉफ्टकापी जिलों को प्रेषित करना। | 03.01.2022 | राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 5. | वर्कशीट व अन्य मूल्यांकन सामग्री का मुद्रण व शालाओं तक सुरक्षित रूप से वितरण कराना। | 14.01.2022 से पूर्व | जिला शिक्षा केन्द्र (डीपीसी) |
| 6. | वर्कशीट (कक्षा 3 से 8) के खण्ड–ब अंतर्गत दिए गए प्रोजेक्ट वर्क की सभी विषयों की एकीकृत बुकलेट बच्चों को प्रदाय करना व उसे पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश बच्चों को देना। | 15.01.2022 | प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक / विषय शिक्षक |
| 7. | निर्धारित समय–सारणी अनुसार शाला में प्रतिभा पर्व का आयोजन | 17 जनवरी से 24 जनवरी 2022 की अवधि में निर्धारित टाईम–टेबल अनुसार | शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी, शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक / विषय शिक्षक |
| 8. | प्रतिभा पर्व डाटा एण्ट्री पोर्टल मॉड्यूल एजुकेशन पोर्टल पर प्रारंभ कराना। | 24.01.2022 तक | प्रोग्रामर, राज्य शिक्षा केन्द्र |
| 9. | बच्चे द्वारा पूर्ण की हुई सभी विषयों के प्रोजेक्ट कार्य की बुकलेट शाला में जमा कराना। | 25.01.2022 तक | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 10. | विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण कर जमा की गई वर्कशीट (खण्ड अ व खण्ड ब सहित) की जांच करना व प्राप्तांक–ग्रेड अंकित कर हस्ताक्षर करना। | 27.01.2022 तक | कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 11. | डाटा एण्ट्री प्रपत्र–1 व प्रपत्र–2 भरना | 28.01.2022 तक | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक |
| 12. | प्रतिभा पर्व परिणाम पोर्टल मॉड्यूल पर शालावार–कक्षावार–विषयवार–ग्रेडवार विद्यार्थी संख्या की प्रविष्टि एम. शिक्षा मित्र एप द्वारा करना। | 28 जनवरी से 8 फरवरी 2022 तक | शाला प्रधानाध्यापक, कक्षाशिक्षक, विषयशिक्षक, जनशिक्षक, बी.आर.सी. |
| 13. | प्रतिभा पर्व परिणाम विश्लेषण। | 8 फरवरी से 18 फरवरी 2022 तक | राज्य शिक्षा केन्द्र |

निदेशक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा

परिशिष्ट–3

# प्रतिभा पर्व हेतु राज्य स्तर से डीपीसी को उपलब्ध कराई जाने वाली वर्कशीट की सूची (जिसका जिले स्तर से मुद्रण कराया जाना है)

| क्र. | कक्षा | मुख्य विषय : हिन्दी माध्यम | प्रतिभा पर्व वर्कशीट | कुल कक्षाएं | कुल वर्कशीट संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3-8 | हिन्दी विशिष्ट | 1 | 6 | 6 |
| 2 | 3-8 | अंग्रेजी सामान्य | 1 | 6 | 6 |
| 3 | 6-8 | संस्कृत | 1 | 6 | 6 |
| 4 | 3-8 | गणित (हिन्दी माध्यम) | 1 | 3 | 3 |
| 5 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन (हिन्दी माध्यम) | 1 | 3 | 3 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान (हिन्दी माध्यम) | 1 | 3 | 3 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान (हिन्दी माध्यम) | 1 | 3 | 3 |
| | | | | | |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा–अल्पविषय : अंग्रेजी माध्यम | | | |
| 1 | 3-8 | अंग्रेजी विशिष्ट | 1 | 6 | 6 |
| 2 | 3-8 | हिन्दी सामान्य* | 1 | 6 | 6 |
| 3 | 6-8 | संस्कृत | 1 | 3 | 3 |
| 4 | 3-8 | गणित | 1 | 6 | 6 |
| 5 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 1 | 3 | 3 |
| 6 | 6-8 | विज्ञान | 1 | 3 | 3 |
| 7 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 1 | 3 | 3 |
| | | | | | |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा–अल्पविषय : उर्दू माध्यम | | | |
| 1 | 1-8 | उर्दू विशिष्ट | 1 | 7 | 7 |
| 2 | 3-8 | उर्दू सामान्य | 1 | 6 | 6 |
| 3 | 3-8 | गणित | 1 | 6 | 6 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 1 | 3 | 3 |
| 5 | 6-8 | विज्ञान | 1 | 3 | 3 |
| 6 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 1 | 3 | 3 |
| | | | | | |
| क्र. | कक्षा | अल्पभाषा–अल्पविषय : मराठी माध्यम | | | |
| 1 | 1-8 | मराठी विशिष्ट | 1 | 7 | 7 |
| 2 | 6-8 | मराठी सामान्य | 1 | 3 | 3 |
| 3 | 3-8 | गणित | 1 | 6 | 6 |
| 4 | 3-5 | पर्यावरण अध्ययन | 1 | 3 | 3 |
| 5 | 6-8 | विज्ञान | 1 | 3 | 3 |
| 6 | 6-8 | सामाजिक विज्ञान | 1 | 3 | 3 |

नोट–

- उक्त तालिका में हिन्दी सामान्य कक्षा 3–8 की वर्कशीट को एक बार अंकित किया है, लेकिन विदित रहे कि समस्त माध्यमों के लिए इसी वर्कशीट का आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाएगा। उर्दू विशिष्ट व मराठी विशिष्ट की वर्कशीट कक्षा 1, 2 हेतु पृथक–पृथक न होकर एक ही होगी।
- प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय की ''खण्ड अ'' की वर्कशीट्स परीक्षा समय–सारिणी के अनुसार पृथक–पृथक मुद्रित होगी। प्रत्येक कक्षा के सभी विषयों के ''खण्ड–ब'' (प्रोजेक्ट कार्य) की वर्कशीट एक ही बुकलेट में होगी।

नियंत्रक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल
नियंत्रक मूल्यांकन
राज्य शिक्षा केन्द्र